काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
BANARAS HINDU UNIVERSITY

कुलसचिव कार्यालय
सामान्य प्रशासन
Office of the Registrar
General Administration

पत्रांक–आर / जीएडी / समिति / 56 / 40367

दिनांक –09 दिसम्बर, 2017

आज / अतिआवश्यक

प्राचार्या, महिला महाविद्यालय,
समस्त संस्थानों के निदेशक,
समस्त संकायों के संकाय प्रमुख,
समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष,
समस्त केन्द्रों के समन्वयक,
समस्त छात्रावासों के प्रशासनिक संरक्षक / समन्वयक,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय।

संगणक केंद्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी-5
डायरी सं० / Diary No. 1382
दिनांक / Date 12/12/17
Computer Centre, BHU, Varanasi-5

परिसर अधिसूचना

महोदय,

अधिसूचना संख्या आर / जीएडी / समिति / 56 / **37346**, दिनांक–20.11.2017 के तारतम्य में सूचित किया जाता है कि दिनांक–21.09.2017 को विश्वविद्यालय परिसर में घटित घटना के संदर्भ में गठित जॉच समिति की ओर से दिनांक 21.11.2017 को समाचार पत्रों में सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गयी थी जिसके आधार पर घटना के संबंध में **साक्ष्य एवं सुझाव जॉच समिति के कार्यालय में दिनांक 30.11.2017 तक प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई थी, इस तिथि को जॉच समिति द्वारा विस्तारित करते हुए पुनः दिनांक–18.12.2017 निर्धारित किया गया है।**

अतः इस संबंध में जानकारी एवं साक्ष्य तथा सुझाव दिनांक–18.12.2017 तक जॉच समिति के कार्यालय कक्ष संख्या–313, एल.डी.गेस्ट हाउस (एनेक्सी) में उपरोक्त प्रकाशित सार्वजनिक सूचना (प्रतिलिपि संलग्न) के अनुसार जमा किये जा सकते हैं।

आप से निवेदन है कि इस सूचना को वृहद रूप से छात्र / छात्राओं में प्रसारित करने की कृपा करें।

भवदीय,
बी. एस. विद्यार्थी 9/12/17
सहायक कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)

पत्रांक आर / जीएडी / **समिति / 56 /**

;तद्दिनांक–09 / 12 / 2017

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1. श्री राम कुमार गुप्त, एच.जे.एस., सचिव, बी.एच.यू. घटना जॉच समिति
2. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को तत्काल विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की व्यवस्था करे।
3. समन्वयक, संगणक केन्द्र, इस निवेदन के साथ कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करे।
4. सहायक कुलसचिव एवं कुलपति के सचिव, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
5. कुलसचिव के वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

बी. एस. विद्यार्थी 9/12/17
सहायक कुलसचिव
(सामान्य प्रशासन)

KVS/HM
Check
12-12-17